आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.10.2023 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

अनुराग ठाकुर

केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने हल्दी और इससे बने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को भी मंजूरी दे दी है। यह बोर्ड हल्दी से जुड़े मुद्दों और मसालों के बोर्ड व अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करेगा। इस बीच एक सोशल मीडिया पोस्ट में अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं के लिए 2 सौ की बजाय तीन सौ रूपए की सब्सिडी देने का स्वागत योग्य निर्णय लेकर देश की करोड़ों माताओं–बहनों को बड़ी सौगात दी है। आगामी त्योहारों से पहले मातृशक्ति के हित में लिए गये इस निर्णय के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

क्रिकेट वर्ल्ड कप धर्मशाला

12 साल के बाद वनडे क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भारत कर रहा है। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद से आज विश्व कप का आगाज होगा। प्रतियोगिता के दौरान 5 मैच हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। धर्मशाला में पहला मैच 7 अक्टूबर को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच होगा ।

धर्मशाला में आयोजित होने वाले क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के मैचों के लिए जिला प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। जिलाधीश कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने एक आदेश जारी कर बताया कि धर्मशाला में होने वाले इन मैचों के दौरान लोगों को आवाजाही में किसी भी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उपायुक्त ने बताया कि धर्मशाला में आयोजित होने वाले सभी मैचों से 6 घंटे पहले से ही निर्माण सामग्री ले जाने वाले बड़े वाहनों की आवाजाही धर्मशाला शहर में बंद कर दी जाएगी। हालांकि रूटीन में चलने वाली बसों और आवश्यक सेवाएं देने वाली गाड़ियों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में हिमाचल प्रदेश एसएमसी टीचर्ज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि एसएमसी शिक्षकों के हितों के लिए प्रदेश सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी का गठन भी किया है। यह कमेटी शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों का उचित समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया।

स्पोर्ट्स रैली

लाहौल–स्पीति जिला में आज से हिमालय मोटर स्पोर्ट्स रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज सिसु से इस रैली का शुभारंभ करेंगे। लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य स इस रैली का आयोजन किया जा रहा है। रवि ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस रैली में 2 सौ से अधिक कार, जीप व मोटरबाइक भाग लेंगे जो लगभग 3 सौ से 4 सौ किलोमीटर तक की दूरी तय करेंगे। उन्होंने बताया कि यह रैली स्पीति के सबसे ऊंचे गांव लांगचा भी जाएगी। रवि ठाकुर ने कहा कि इस रैली से घाटी में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लाहौल–स्पीति में इस तरह की बड़ी रैली पहली बार आयोजित की जा रही है।

हिमाचल के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भूवैज्ञानिक खतरों पर एक कार्यशाला का आयोजन आज राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला में किया जा रहा है। हिमकोस्ट शिमला के सहयोग से इस दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यशाला में देश भर से आए 17 वैज्ञानिक हिमालय क्षेत्रों में भू–स्खलन और भूकंप जैसे प्राकृतिक आपदाओं के खतरे से बचाव को लेकर रणनीति तैयार करेंगे, ताकि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के समय जानमाल के खतरे को कम किया जा सके।

एशियाई खेलों

चीन में हो रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत ने कल तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल बारह पदक जीते हैं। पदक तालिका में भारत 18 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित 81 पदक के साथ चौथे स्थान पर है। एशियाई खेलों में भारतीय महिला कब्बड्डी टीम की ओर से हिमाचल के सिरमौर की तीन खिलाडियों रितु नेगी , पुष्पा राणा और निधि शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रौशन किया है ।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शिर्षक है धर्मशाला में खालिस्तान जिंदाबाद के मामले की जांच को एसआईटी गठित

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– धर्मशाला में वर्ल्ड कप मैचों से पहले सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बने खालिस्तानी

दैनिक भास्कर के शब्द है विश्व कप के मैचों से पहले धर्मशाला में दीवार पर लिखे खालिस्तानी नारे, पुलिस सुरक्षा बढाई

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से खबर को शिर्षक दिया है विदेशी हमारे मेहमान, खलिस्तानी नारों से नहीं पडता फर्क।

हिमाचल दस्तक ने लिखा है धर्मशाला में दीवार पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखने वालों की हुई पहचान, एंजेंसियां सतर्क

क्रिप्टों करेंसी ठगी मामले में दैनिक जागरण की सुर्खी है क्रिप्टों करेंसी ठगी मामले में जांच के दायरे में 1000 लोग

दैनिक भास्कर ने लिखा है क्रिप्टो के नाम पर धोखाधडी के दोनों आरोपी पांच दिन की रिमांड पर, किंगपिन की तलाश

आपका फैसला ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के हवाले से खबर दी है–बदले जाएंगे जनजातीय क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे एचआरटीसी कर्मचारी

हिमाचल दस्तक की एक खबर है धारा 118 की परमिशन के बिना ही लगे हिमाचल में कई उद्योग

स्कूलों में लगेगी एक घंटे की एक्सट्रा क्लास, सर्कुलर जारी शिर्षक से हिमाचल दस्तक ने लिखा है शिक्षण संस्थान बंद रहने से प्रभावित पढाई की होगी भरपाई। अमर उजाला के शब्द है स्कूलों में एक घंटा अतिरिक्त कक्षाएं, नहीं दी जाएंगी लगातार दो छुटिटयां। दैनिक भास्कर लिखता है– स्कूलों में ऐस्ट्रा क्लास लगाने के निर्देश, दो दिन छुट्टी हुई तो एक दिन क्लास लगेगी।

एसएमसी शिक्षकों से जुडी खबर पर पंजाब केसरी के शब्द है कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में निकाला जाएगा समाधान।

कर्मचारियों के तबादला आदेश करने होंगे सार्वजनिक अमर उजाला की एक खबर है।